# झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
# सर्कुलर रोड, राँची

## प्रेस विज्ञप्ति

**झारखण्ड अभियोजन सेवान्तर्गत सहायक लोक अभियोजक के कुल–160 पदों {बैकलॉग 26 पद (विज्ञापन संख्या–05/2025 एवं नियमित 134 पद (विज्ञापन संख्या–06/2025)} के संबंध में आवश्यक सूचना।**

1. एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची द्वारा W.P.(S) (Filing) No.-7217 of 2025 संजीव कुमार महतो एवं अन्य बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक–11.07.2025 को पारित न्यायादेश के अनुपालनार्थ विज्ञापन संख्या–05/2025 एवं विज्ञापन संख्या–06/2025 हेतु उम्र सीमा की संदर्भ तिथि–01.08.2024 के स्थान पर 01.08.2019 पढ़े जाने एवं ऑफलाईन आवेदन दिनांक–14.08.2025 तक समर्पित किये जाने के संबंध में आयोग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति (दिनांक–25.07.2025) एवं शुद्धि पत्र (दिनांक–28.07.2025) के माध्यम से सूचित किया जा चुका है।
2. साथ ही माननीय उच्च न्यायालय, राँची द्वारा W.P(S) (Filing) No-7773/2025; सुधाकर झा एवं अन्य बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य, W.P(S) No-3529/2025; विकाश कुमार गुप्ता एवं अन्य बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य तथा समरूप वादों में दिनांक–25.07.2025 को पारित न्यायादेश के अनुपालनार्थ विज्ञापन संख्या–05/2025 एवं विज्ञापन संख्या–06/2025 हेतु उम्र सीमा क संदर्भ तिथि 01.08.2024 के स्थान पर 01.08.2018 पढ़े जाने एवं ऑफलाईन आवेदन दिनांक–08.09.2025 तक समर्पित किये जाने के संबंध में आयोग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति (दिनांक–18.08.2025) के माध्यम से सूचित किया जा चुका है।
3. उक्त के आलोक में ऑफलाईन आवेदन समर्पित करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है। आयोग द्वारा परीक्षा प्रक्रिया संबंधी की जा रही अग्रतर कार्रवाई उपरोक्त विषयांकित वादों के फलाफल से प्रभावित होगा।
4. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
उप सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।